प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 01.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन भी जमकर हंगामा, स्पीकर ने विपक्ष के 17 विधायकों को कल दोपहर दो बजे तक के लिए किया निलंबित।
2- सुप्रीम कोर्ट का एससी–एसटी आरक्षण पर बड़ा फैसला, कहा– राज्यों को कोटा में कोटा निर्धारित करने का अधिकार।
3- हावड़ा–मुम्बई मेल हादसे के बाद चक्रधरपुर रेल मंडल की थर्ड लाइन पर परिचालन फिर शुरु, अप–डाउन लाइन पर भी आज शाम से परिचालन शुरु होने की संभावना।
4- लातेहार में कांवरियों से भरा वाहन बिजली पोल से टकराया, पांच की मौत, पांच गंभीर रुप से घायल।
5- मौसम विभाग ने रांची, गुमला, सिमडेगा और पलामू समेत राज्य के 18 जिलों में भारी बारिश का जारी किय औरेंज अलर्ट।

***********************

झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन पर वादाखिलाफी का आरोप लगाकर प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के 17 विधायकों को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के विधायकों को कल दोपहर दो बजे तक के लिए निलंबित किया है।

ये सभी विधायक कल से ही विधानसभा में धरना पर बैठे थे। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रोजगार और अनुबंधकर्मियों के नियमितीकरण पर जवाब मांग रहे थे। विपक्ष का आरोप है कि जिन वादों के साथ यह सरकार सत्ता में आयी, वह अब तक पूरे नहीं हुए हैं।

***********************

इस बीच सदन से 17 विधायकों को निलंबित किये जाने पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया है। उन्होंने कहा कि बिना किसी दोष के स्पीकर ने जो रवैया अपनाया है, उससे पता चलता है कि सरकार निरंकुश हो चुकी है।

***********************

भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा आज राज्य के दो दिवसीय दौरे पर देवघर पहुंचे। देवघर हवाई अड्डे पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद सड़क मार्ग से श्री सरमा पाकुड़ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने सरकार पर राज्य में युवाओं के साथ वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

***********************

राज्यसभा सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक प्रकाश ने आज पाकुड़ जिले में पुलिस कार्रवाई से पीड़ित आदिवासी छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान श्री प्रकाश ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज का अस्तित्व खतरे में है लेकिन सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने सत्तारुढ़ पार्टियों पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

***********************

सुप्रीम कोर्ट ने आज एससी–एसटी आरक्षण पर बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य सरकारों को कोटे में कोटा निर्धारित करने का अधिकार है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संवैधानिक पीठ ने 6 अनुपात 1 के बहुमत से व्यवस्था दी कि राज्यों के पास आरक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति में सब–कैटेगरी बनाने की शक्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने ईवी चिन्नैया मामले में 2004 के फैसले को पलट दिया जिसमें कहा गया था कि सब–कैटेगरी की अनुमति नहीं है।

***********************

दक्षिण पूर्व रेलवे के टाटानगर–चक्रधरपुर रेल खंड पर तीसरी लाइन पर रेल यातायात बहाल कर दिया गया है। इस लाइन से सबसे पहले मालगाड़ी को गुजारा गया। इसके बाद हावड़ा–मुंबई गीतांजलि सुपरफास्ट ट्रेन को गुजरने की अनुमति दी गई। चक्रधरपुर मंडल के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा है कि अप और डाउन लाइन पर यातायात बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास चल रहा है। आज शाम तक इस लाइन पर भी परिचालन शुरु हो जाने की संभावना है। चक्रधरपुर रेलवे मंडल के अंतर्गत पोटोबेड़ा गांव के पास बाड़ाबम्बो और

खरसावा रेलवे स्टेशनों के बीच मंगलवार की सुबह हावड़ा–मुंबई मेल की 18 बोगियों के पटरी से उतरने के बाद इस खंड पर रेल यातायात बाधित हो गया था।

**********************

लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में आज सुबह करीब तीन बजे कांवरियों से भरा पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर बिजली पोल से जा टकराया। इस वजह से पूरे वाहन में करंट प्रवाहित हो गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी है जबकि पांच की हालत गंभीर है। सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है।

**********************

बाबानगरी देवघर में श्रावणी मेला के दौरान 22 से 30 जुलाई के बीच 13 लाख 70 हजार 19 श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक किया है। यह आंकड़ा जिला प्रशासन की ओर से जारी किया गया है। जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि इन नौ दिनों में 8 लाख 49 हजार 785 श्रद्धालुओं ने गर्भ गृह से और 5 लाख 2 हजार 379 श्रद्धालुओं ने बाहरी अरघा के माध्यम से जलार्पण किया है।

**********************

रामगढ़ जिला सड़क सुरक्षा टीम द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**********************

गोड्डा जिले के पथरगामा प्रखंड के द्वारीचक गांव की रहने वाली स्वाति राज को इंटरनेशनल यूथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया है। स्वाति राज को कोलकाता में झारखंड के प्रतिनिधि के रूप में चयनित किया गया था। स्वाति राज ने कोलकाता में आयोजित कांफ्रेंस में अपने क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों एवं समुदायों के उत्थान और उन्हें मुख्य धारा में जोड़ने संबंधी बातों को उल्लेखित किया। यह कार्यक्रम डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर आयोजित की गई थी। इस कांफ्रेंस में 25 देशों के युवाओं ने भाग लिया था।

**********************

देवघर से अब हर रोज बेंगलुरु की फ्लाइट उड़ान भरेगी। एयरलाइंस कंपनी इंडिगो ने यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह फैसला किया है। अभी देवघर–बेंगलुरु विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन बहाल है जबकि देवघर से दिल्ली और कोलकाता के लिए प्रत्येक दिन विमान सेवा उपलब्ध है। अभी रांची से प्रतिदिन बेंगलुरु के लिए तीन फ्लाइटें उड़ान भर रही हैं।

**********************

राज्य में साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण अगले तीन–चार दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने गुमला, सिमडेगा के अलावा पलामू, कोल्हान और संताल के क्षेत्र में कुछ स्थानों पर आज मूसलाधार बारिश का अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

********समाप्त********